>

Title: Need to provide new handpumps in drought affected areas of the country.

श्री रामकिशुन : मैडम, मैं यही कह रहा हूं। पूरे देश में सूखा पड़ा है, पानी का संकट है, जलस्तर नीचे चला गया है, हैण्डपम्प सूखकर बंद हो गए और पानी के लिए जनता में हाहाकार मचा हुआ है, खासकर पूर्वांचल और नक्सल प्रभावित जनपद चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर, वाराणसी। गंगा के किनारे के जो क्षेत्र हैं उनका जलस्तर नीचे चला गयाक, वहां पानी का घोर संकट उत्पन्न हो गया है। इसलिए यह देश के सामने गंभीर संकट है। मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि सरकार नए हैण्डपम्प लगवाने के लिए पेयजल समूह ग्रामीण योजना को कारगर ढंग से लागू करे और पूरे सूखाग्रस्त क्षेत्रों में हैण्डपम्प लगवाने का प्रयास करे। अभी गर्मी कम पड़ रही है, लेकिन आने वाले दिनों मे, एक महीने या 15 दिनों बाद गर्मी बहुत बढ़ जाएगी और जलस्तर नीचे चला जाएगा, तो पानी के लिए घोर संकट पैदा हो जाएगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस गंभीर संकट से देश के ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों को बचाने के लिए वहां गहरी बोरिंग कराकर, स्वजल धारा जैसी गंभीर योजना को लागू करके, इंडिया मार्का हैण्डपम्प लगाने की योजना को लागू कराकर पेयजल के संकट को दूर करने का काम करें। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण हजारों हैण्डपम्प बंद और खराब हो चुके हैं। पेयजल का संकट गरीब आदमी के लिए होता है, बड़े लोगों के लिए नहीं। बड़े लोगों के पास सबमर्सिबल पम्प्स हैं। शहरों में रहते हैं तो उनको पानी उपलब्ध हो जाएगा। दिल्ली या अन्य महानगरों में अगर पानी नहीं मिला तो हाहाकार मच जाएगा। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जो पिछड़े और गंभीर लोग हैं, जो बेबस, लाचार हैं, उनको शुद्ध पानी पिलाने के लिए जो स्वजल धारा योजना है, उसको कारगर ढंग से लागू कराने की मांग करता हूं। यहां संसदीय कार्यमंत्री जी बैठे हैं, मैं आपके माध्यम से सरकार से चाहूंगा कि मंत्री जी इस पर ध्यान दें, देश के सामने यह एक गंभीर समस्या है। अगर आप इसे अभी गंभीरता से ले लेंगे, तो आने वाले दस-पंद्रह दिनों में जब और संकट पैदा हो जाएगा, उसे दूर करा सकेंगे। आप इसके लिए पैसा बहुत देते हैं, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा है। जो राज्य सरकारें हैं, या तो अपने घरों में, चहेते लोगों के पास एक ही गांव में तीस-तीस हैण्डपम्प लग जाते हैं और आम आदमी, गरीब, दलित, पिछड़े आदमी के पास हैण्डपम्प नहीं लग पा रहा है। इसलिए उन पर ध्यान देते हुए नए हैंण्डपम्प लगवाएं और स्वजल धारा योजना को लागू करके इस काम को पूरा करें।